NT>

Title: Need to open a Central School in Sant Kabir Nagar District, Uttar Pradesh − Laid.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : अध्यक्ष महोदय, हमारा संसदीय क्षेत्र खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर नव सृजित जनपद है जो शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछडा हुआ है। इस जनपद में उच्च शिक्षा देने की कोई व्यवस्था नहीं है, न कोई यहां पर केन्द्रीय विद्यालय है, जिससे यहां के बालक एवं बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण कराई जा सके।

अतः सरकार से निवेदन है कि हमारे संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किया जाये, जिससे वहां के बालक एवं बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने का अ वसर मिल सके।